Title: Need to take steps to check erosion caused by the Ganga river in Phulpur Parliamentary constituency, U.P. - Laid.

श्री धर्मराज सिंह पटेल (फूलपुर): महोदय, हमारे फूलपुर संसदीय क्षेत्र के बहादुरपुर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले गांवों, विशोकर लीलापुर गांव तथा जमुनीपुर कोटवा के पास कई गांवों में गंगा नदी के पानी के कटाव के कारण कृाि योग्य जमीन, गांवों की बस्तियां, खेत-खलिहान गंगा के पानी के कटाव के चपेट में आते जा रहे हैं व हजारों एकड़ जमीन खराब होती जा रही है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि फूलपुर संसदीय क्षेत्र में स्थित उपरोक्त गांवों के पास गंगा के पानी का कटाव को रोकने के लिए पक्का बांध बनाया जाए या कोई अन्य उपाय किए जायें ताकि इस कटाव को रोका जा सके और इस क्षेत्र में लोगों को राहत मिल सके।